


# अण्डमान निकोबार द्वीप समाचार




रजि.न.34300/80 संख्या 115 श्री विजय पुरम, शुक्रवार, 01 मई 2026 web: dt.andamannicobar.gov.in 2.00 रुपए

## अण्डमान तथा निकोबार प्रशासन का वैश्विक मंच पर कदम, दो गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रयासों से उभरेगा द्वीपों का गौरव

## 'पानी के भीतर सबसे बड़ा ध्वज' और 'सबसे ऊँचा मानव पिरामिड' से प्रदर्शित होगी डाइविंग क्षमता

श्री विजय पुरम, 30 अप्रैल

अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह को वैश्विक एडवेंचर पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल के तहत, अण्डमान तथा निकोबार प्रशासन 2 एवं 3 मई, 2026 को दो प्रतिष्ठित गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित करने का प्रयास करेगा। इन प्रयासों का उद्देश्य द्वीपों की अद्वितीय जल–सम्पदा को उजागर करना तथा उन्हें एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय डाइविंग गंतव्य के रूप में स्थापित करना है।



प्रस्तावित रिकॉर्ड प्रयास इस प्रकार हैं:

- "पानी के भीतर सबसे बड़ा राष्ट्रीय ध्वज फहराना"– 2 मई, 2026 को निर्धारित 60 मीटर लंबा एवं 40 मीटर चौड़ा (कुल 2,400 वर्ग मीटर) ध्वज राधानगर बीच पर फहराया जाएगा।
- "पानी के भीतर सबसे ऊँचा मानव पिरामिड"–3 मई, 2026 को निर्धारित यह प्रयास स्वराज द्वीप जेट्टी के लाइटहाउस के समीप किया जाएगा, जिसका लक्ष्य लगभग 20 मीटर की ऊँचाई प्राप्त करना है।

माननीय उप राज्यपाल, अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह तथा द्वीप विकास एजेंसी के उपाध्यक्ष एडमिरल डी.के. जोशी (अ.प्रा.) इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे और दोनों रिकॉर्ड प्रयासों में भाग लेंगे।

इन अनूठे जल–आधारित अभियानों में प्रशिक्षित गोताखोरों, सहयोगी कर्मियों एवं तकनीकी विशेषज्ञों की भागीदारी होगी, जो अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मानकों तथा गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के दिशा–निर्देशों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करेंगे। इस आयोजन के माध्यम से क्षेत्र की समृद्ध समुद्री जैव विविधता, स्वच्छ जल और एडवेंचर पर्यटन, विशेषकर स्कूबा डाइविंग की अपार संभावनाओं को प्रदर्शित किया जाएगा।

सूचना, प्रचार एवं पर्यटन विभाग की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस पहल के प्रमुख उद्देश्यों में द्वीपों को स्कूबा डाइविंग एवं समुद्री पर्यटन के वैश्विक केंद्र के रूप में बढ़ावा देना, संवेदनशील किन्तु जीवंत समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र को उजागर करना, सतत एवं जिम्मेदार पर्यटन को प्रोत्साहित करना तथा अंतरराष्ट्रीय गोताखोरों, साहसिक पर्यटकों एवं यात्रियों को आकर्षित करना शामिल है।

## दक्षिण अण्डमान उपायुक्त की अध्यक्षता में पीआरआई बैठक, नेटवर्क, जल संकट व जन सुविधाओं पर हुई विस्तृत चर्चा

श्री विजय पुरम, 30 अप्रैल

दक्षिण अण्डमान की उपायुक्त सुश्री पूर्वा गर्ग, (भा.प्र.से.) की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें स्वराज द्वीप के सहायक आयुक्त श्री विकास कुमार (दानिक्स) की उपस्थिति के साथ सभी पंचायत राज संस्थाओं (पीआरआई) के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक के दौरान स्थानीय जनसंख्या को प्रभावित करने वाले विभिन्न सार्वजनिक मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। पीआरआई प्रतिनिधियों ने कई प्रमुख समस्याओं को उठाया, जिनमें खराब नेटवर्क कनेक्टिविटी और धीमी इंटरनेट गति शामिल है, जो संचार और आवश्यक ऑनलाइन सेवाओं तक पहुंच को प्रभावित कर रही है। विशेष रूप से ग्रीष्मकाल के दौरान जल संकट का मुद्दा भी उठाया गया, जिसमें सदस्यों ने पेयजल की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए त्वरित और दीर्घकालिक समाधान की मांग की। पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ–साथ पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के उद्देश्य से समुद्र तटों के सौंदर्यीकरण के लिए पर्यावरण अनुकूल झोपड़ियों एवं बैठने की संरचनाओं के विकास संबंधी सुझाव भी प्रस्तुत किए गए। इसके अतिरिक्त, यह भी अवगत कराया गया कि वर्तमान में एंबुलेंस एवं पशु चिकित्सा एंबुलेंस सेवाएं संचालित नहीं हो रही हैं, जिस पर सदस्यों ने शीघ्र पुनः संचालन की मांग की, ताकि समय पर चिकित्सा एवं पशु चिकित्सा सहायता सुनिश्चित की जा सके। उपायुक्त, दक्षिण अण्डमान ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि उठाए गए विषयों को संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर शीघ्र एवं प्रभावी समाधान के लिए आगे बढ़ाया जाएगा। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे पीआरआई प्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित कर यथाशीघ्र आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ करें।







## मादक पदार्थ विरोधी थाना द्वारा एक माह लंबा नशा विरोधी जागरूकता अभियान आयोजित

श्री विजय पुरम, 30 अप्रैल

नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी की समस्या से निपटने के निरंतर प्रयासों के तहत, मादक पदार्थ विरोधी पुलिस थाना द्वारा 1 अप्रैल, 2026 से 30 अप्रैल, 2026 तक श्री विजय पुरम, स्वराज द्वीप और कदमतला के विभिन्न क्षेत्रों में एक व्यापक एक माह लंबा नशा विरोधी जागरूकता अभियान संचालित किया गया।

यह अभियान मादक पदार्थ विरोधी थाना के थाना अध्यक्ष निरीक्षक के. बिनोज के पर्यवेक्षण में तथा उप पुलिस अधीक्षक (नारकोटिक्स) श्रीमती सुम्मा मड्डा (दानिप्स) के नेतृत्व में चलाया गया।

अभियान अवधि के दौरान कुल 11 नशा विरोधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें 1199 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इनमें छात्र, युवा, सरकारी कर्मचारी, स्थानीय निवासी, पंचायत राज संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं अन्य हितधारक शामिल थे। इन कार्यक्रमों का आयोजन विद्यालयों, महाविद्यालयों, सरकारी संस्थानों, पंचायतों, पर्यटन स्थलों, मछली अवतरण केंद्रों तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर किया गया, ताकि अधिकतम लोगों तक पहुंच सुनिश्चित की जा सके और नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलायी जा सके।

"नशा मुक्त भारत अभियान" के अंतर्गत पंचायतों, शैक्षणिक संस्थानों, समाज कल्याण बोर्ड, शिक्षा विभाग तथा आईआरसीए (नशा पीड़ितों के एकीकृत पुनर्वास केंद्र) के सहयोग से नियमित रूप से केंद्रित नशा विरोधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इन पहलों का उद्देश्य समाज को नशीले पदार्थों के सेवन के खतरों, कानूनी परिणामों तथा प्रारंभिक रोकथाम और पुनर्वास के महत्व के बारे में जागरूक करना है।







शेष पृष्ठ 4 पर

## शुभकामनाएँ



'बुद्ध पूर्णिमा' के पावन अवसर पर, अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह के सभी द्वीपवासियों को मेरी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ।

बुद्ध पूर्णिमा का पर्व हमें भगवान गौतम बुद्ध के जीवन और शिक्षाओं पर चिंतन करने का एक पावन अवसर प्रदान करता है। उनके करुणा, ज्ञान और अहिंसा के शाश्वत संदेश आज भी मानवता को प्रेरित करते है। यह शुभ अवसर, जो उनके जन्म, ज्ञानप्राप्ति और परम मोक्ष का प्रतीक है, हमें एक न्यायपूर्ण, शांतिपूर्ण और सामंजस्यपूर्ण समाज के निर्माण में उनके आदर्शों की शाश्वत महत्व का बोध कराता है।

भगवान बुद्ध की शिक्षाएँ हमें आंतरिक शांति विकसित कर, सहिष्णुता का आचरण करने तथा सहानुभूति एवं निःस्वार्थ भाव जैसे मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित करती हैं। उनका मार्ग हमें विभाजनों से ऊपर उठकर सामूहिक कल्याण हेतु कार्य करने और समुदायों के बीच एकता तथा पारस्परिक सम्मान को सुदृढ़ करने का आह्वान करता है।

आइए, इस पवित्र अवसर पर हम इन शाश्वत सिद्धांतों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को नवीनीकृत कर उन्हें अपने दैनिक जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लें। यह उत्सव हमारे द्वीपों में सद्भाव और भाईचारे के बंधनों को और अधिक सुदृढ़ करें।

भगवान बुद्ध का दिव्य संदेश हमारे मार्ग को प्रकाशित कर एक ऐसे समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करे जो शांतिपूर्ण, समावेशी और प्रगतिशील हो।

(एडमिरल डी.के. जोशी)
पीवीएसएम, एवीएसएम, वाईएसएम, एनएम, वीएसएम (अ.प्रा.)
उप राज्यपाल
अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह
एवं उपाध्यक्ष, द्वीप विकास एजेंसी

## शुभकामनाएँ



'महाराष्ट्र और गुजरात' के स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर, अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह में रह रहे इन राज्यों के सभी निवासियों को मेरी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ।

1 मई, 1960 को इनके गठन की 66वीं वर्षगांठ के अवसर पर, इस वर्ष का उत्सव न केवल एक ऐतिहासिक उपलब्धि को सम्मान देता है, बल्कि इन राज्यों की दृढ़ता, प्रगति और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की अविरल भावना को भी नमन करता है जो इन राज्यों के भीतर समाहित हैं।

छत्रपति शिवाजी महाराज की वीरता से प्रेरित गौरवशाली विरासत के साथ महाराष्ट्र आज औद्योगिक शक्ति, कलात्मक उत्कृष्टता और प्रगतिशील अवधारणा का प्रतीक है। मुंबई की जीवंत ऊर्जा से लेकर विदर्भ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत एवं मराठवाड़ा की उपजाऊ भूमि से कोंकण तट के मनोरम दृश्यों तक, महाराष्ट्र विविधता में एकता का वास्तविक अर्थ दर्शाता है।

महात्मा गांधी और सरदार वल्लभभाई पटेल जैसे महान दूरदर्शी व्यक्तियों की जन्मभूमि गुजरात विकास और उद्यमशीलता का एक आदर्श मॉडल बनकर उभरा है। इसके जीवंत उद्योग, समृद्ध बंदरगाह और समृद्ध सांस्कृतिक परंपराएँ यहां के लोगों की नवाचार, उद्यमशीलता और दृढ़ संकल्प की भावना को दर्शाती हैं।

इस वर्ष का उत्सव "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" की भावना को और अधिक सुदृढ़ करता है, जहाँ क्षेत्रीय उत्कृष्टता हमारे राष्ट्र की एकता और अखंडता को सुदृढ़ता प्रदान करती है। यह अवसर सामाजिक न्याय, समानता और सतत् विकास के सिद्धांतों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को पुनः स्थापित करने का है, जो हमारे सामूहिक भविष्य का मार्गदर्शन करते रहेंगे।

मैं पुनः द्वीपसमूह में रह रहे महाराष्ट्र और गुजरात के सभी निवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ। यह स्थापना दिवस गौरव, एकता और समर्पण की भावना को प्रेरित कर 'विकसित भारत@2047' के निर्माण के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करे।

(एडमिरल डी.के. जोशी)
पीवीएसएम, एवीएसएम, वाईएसएम, एनएम, वीएसएम (अ.प्रा.)
उप राज्यपाल
अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह
एवं उपाध्यक्ष, द्वीप विकास एजेंसी

## संदेश

मई दिवस के अवसर पर, मैं, अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह के सभी श्रमिकों और कामगारों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं और सच्ची सराहना व्यक्त करता हूँ।

मई दिवस श्रमिक समुदाय के अथक प्रयासों, समर्पण और धैर्य को समर्पित है, जिनका योगदान हमारे समाज और अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। निर्माण श्रमिकों और किसानों से लेकर सरकारी कर्मचारियों, मछुआरों तथा दिहाड़ी मजदूरों तक, प्रत्येक श्रमिक हमारे द्वीपों की प्रगति और समृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

आइए, हम श्रम की गरिमा, उचित वेतन, सुरक्षित कार्य परिस्थितियाँ तथा सभी श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के अपने संकल्प को पुनः दृढ़ करें।

इस महत्वपूर्ण अवसर पर, मैं हमारे मेहनती लोगों के जज़्बे को सलाम करता हूँ और उनके उत्तम स्वास्थ्य, सुख–समृद्धि तथा निरंतर सफलता की कामना करता हूँ।

मई दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

बिष्णु पद राय
सांसद
अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह

## श्री विजय पुरम नगरपालिका परिषद में वरिष्ठ एवं कनिष्ठ उपाध्यक्ष का चयन

श्री विजय पुरम, 30 अप्रैल

श्री विजय पुरम नगरपालिका परिषद की आज आयोजित विशेष बैठक में अध्यक्षा श्रीमती वसंथा की अध्यक्षता में संपन्न हुई, वार्ड संख्या–19 के पार्षद श्री वी. वेट्रिवेलु को वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा वार्ड संख्या–18 के पार्षद श्री राजेश पाल गोविंद को कनिष्ठ उपाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया।

यह चयन परिषद के कार्यकाल (2022–2027) के पांचवें वर्ष के लिए किया गया है।





## बी–टेक जून, 2026 परीक्षा हेतु ऑनलाइन पंजीकरण 8 मई तक

श्री विजय पुरम, 30 अप्रैल

डीन (शैक्षणिक–डिग्री) से प्राप्त प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, बी–टेक जून, 2026 परीक्षा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 8 मई, 2026 तक उपलब्ध रहेगा। बी.टेक कार्यक्रमों (सिविल, सीएसई एवं ईसीई) के वे उत्तीर्ण छात्र, जिनके बैकलॉग (अरियर) पेपर शेष हैं तथा जो 19वीं श्रृंखला से आगे के हैं, वे जून, 2026 परीक्षा के लिए पंजीकरण कर सकते हैं। पात्र छात्रों को सलाह दी गई है कि वे परीक्षा पंजीकरण, परीक्षा शुल्क भुगतान तथा सैद्धांतिक परीक्षा से संबंधित अन्य जानकारी के लिए अपने–अपने विभागाध्यक्ष, शैक्षणिक

## दक्षिण अण्डमान में ग्रीष्मकालीन फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने हेतु धान परती में तिल की खेती पर फील्ड डे का आयोजन

श्री विजय पुरम, 30 अप्रैल

आईसीएआर–सीआईएआरआई द्वारा 30 अप्रैल 2026 को दक्षिण अण्डमान के छोलदारी गांव स्थित एक किसान के प्रदर्शन खेत में "द्वीपीय परिस्थितियों में धान परती में तिल की खेती" विषय पर फील्ड डे का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को ग्रीष्म ऋतु में धान की परती भूमि में तिल की खेती की संभावनाओं के बारे में जागरूक करना था।

कार्यक्रम के दौरान आईसीएआर–सीआईएआरआई के वैज्ञानिकों ने उपयुक्त तिल की किस्मों, विशेष रूप से जेसीएस–2454 और क्यूएमएस–17 के प्रदर्शन के बारे में जानकारी दी। साथ ही उन्होंने अनुशंसित बुवाई समय, खेती की संपूर्ण पैकेज पद्धति तथा ग्रीष्मकालीन तिल की खेती के लाभों पर प्रकाश डाला। वैज्ञानिकों ने बताया कि तिल एक अल्पावधि एवं लाभकारी फसल है, जो अण्डमान द्वीपसमूह में फसल विविधीकरण के लिए अत्यंत संभावनाशील है।



फील्ड डे के दौरान वैज्ञानिकों ने किसानों को धान परती भूमि

शेष पृष्ठ 4 पर

CMYK




# कालीघाट थाना द्वारा तालबगान वन क्षेत्र में अवैध शराब निर्माण के विरुद्ध कार्रवाई

श्री विजय पुरम, 30 अप्रैल



28 अप्रैल, 2026 को तालबगान वन क्षेत्र में अवैध शराब बनाने की विश्वसनीय सूचना प्राप्त होने पर कालीघाट थाना की एक टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए क्षेत्र के एक नाले के समीप तलाशी अभियान चलाया। अभियान के दौरान अवैध शराब निर्माण के लिए तैयार किए जा रहे लगभग 425 लीटर किण्वित घोल (वॉश) को विभिन्न कंटेनरों से बरामद किया गया। मौके पर कोई दावेदार न मिलने के कारण, विधिवत प्रक्रिया का पालन करते हुए बरामद घोल एवं संबंधित सामग्री को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। इस समय पर की गई कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध शराब के निर्माण और संभावित प्रसार को रोका जा सका। उत्तर व मध्य अण्डमान पुलिस ने अवैध शराब गतिविधियों के विरुद्ध अपनी शून्य सहिष्णुता नीति को दोहराते हुए कहा है कि जिले में इस प्रकार की अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए सख्त एवं निर्णायक कार्रवाई जारी रहेगी। सामान्य जनता से अपील की जाती है कि किसी भी अपराध या अवैध गतिविधि के संबंध में विश्वसनीय जानकारी निकटतम पुलिस थाना या हेल्पलाइन नंबर 100, 112 अथवा 03192–273344 पर साझा करें। सूचनादाताओं की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी तथा उपयुक्त पुरस्कार भी प्रदान किया जाएगा।

# मायाबंदर में आयुष्मान आरोग्य शिविर आयोजित, 62 मरीजों ने लिया लाभ

श्री विजय पुरम, 30 अप्रैल



मायाबंदर के गंगा माता मंदिर में कल डॉ. आर.पी. अस्पताल, मायाबंदर की स्वास्थ्य टीम द्वारा एक आयुष्मान आरोग्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर के दौरान विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं, जिनमें गैर–संचारी रोगों, क्षय रोग (टीबी) की जांच तथा बच्चों और वयस्कों दोनों के लिए सामान्य ओपीडी सेवाएं शामिल थीं।

शिविर में विशेषज्ञ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. थिरुमणि प्रुधावी, डॉ. हैनी निकिसन (जेआर, एलोपैथी), डॉ. मोहिनी मंडल (चिकित्सा अधिकारी, आरबीएसके), डॉ. दिव्या सिंह (चिकित्सा अधिकारी, होम्योपैथी) सहित अन्य समर्पित स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर एक व्यापक स्वास्थ्य जागरूकता सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें लेप्टोस्पायरोसिस, खसरा, डेंगू, मलेरिया, कुपोषण, गर्मी से संबंधित बीमारियां तथा एबीएचए कार्ड निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषयों को शामिल किया गया। यह जागरूकता कार्यक्रम डॉ. थिरुमणि प्रुधावी, डॉ. मोहिनी मंडल, श्री वाई. माधव राव (जिला कार्यक्रम समन्वयक, एनटीईपी) एवं श्री प्रताप धाली (सहायक समन्वयक, डॉ. आर.पी. अस्पताल, मायाबंदर) द्वारा आम जनता के बीच प्रस्तुत किया गया। उत्तर व मध्य अण्डमान के जिला टीबी अधिकारी से प्राप्त प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, टीबी मुक्त भारत अभियान 2.0 के अंतर्गत 100 दिवसीय अभियान के हिस्से के रूप में जन भागीदारी कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, ताकि सामुदायिक सहभागिता और जागरूकता को बढ़ावा दिया जा सके। इस अवसर पर लगभग 62 मरीजों ने इस शिविर का लाभ उठाया।

## दक्षिण अण्डमान में ग्रीष्मकालीन ————————पृष्ठ 1 का शेष

में तिल की सतत खेती के लिए उर्वरकों के संतुलित उपयोग के प्रति भी जागरूक किया। किसानों को मृदा परीक्षण आधारित पोषक तत्व प्रबंधन, प्रमुख एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों के संतुलित उपयोग तथा जैविक खादों के साथ रासायनिक उर्वरकों के समन्वित प्रयोग के महत्व के बारे में जानकारी दी गई, जिससे मृदा स्वास्थ्य बनाए रखने और फसल उत्पादकता बढ़ाने में सहायता मिलती है।

कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र, दक्षिण अण्डमान तथा अण्डमान प्रशासन के कृषि विभाग के अधिकारियों ने भी भाग लिया। लगभग 30 किसानों ने इस फील्ड डे में भाग लिया और तिल की खेती एवं द्वीपों में इसकी भविष्य की संभावनाओं पर वैज्ञानिकों के साथ संवाद किया।

## मादक पदार्थ विरोधी थाना द्वारा एक ————————पृष्ठ 1 का शेष

जागरूकता सत्र मादक पदार्थ विरोधी पुलिस थाना के संसाधन व्यक्तियों द्वारा संचालित किए गए, जिनमें उप निरीक्षक मनोज लाल, सहायक उप निरीक्षक सूर्य नारायण, उप निरीक्षक एस. थिम्मी राज तथा सहायक उप निरीक्षक संजय यादव शामिल थे। इनके साथ प्रधान आरक्षक अब्दुल सलाम, लक्ष्मण राव तथा पुलिस आरक्षक अनुप दास ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। उन्होंने संवादात्मक सत्रों, व्याख्यानों एवं सामुदायिक संपर्क कार्यक्रमों के माध्यम से प्रतिभागियों को नशा रोकथाम और जागरूकता के विषय में जानकारी प्रदान की।

अभियान के दौरान "मानस हेल्पलाइन–1933" जैसी सहायता सेवाओं की उपलब्धता पर भी प्रकाश डाला गया, जो नशे और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से प्रभावित व्यक्तियों को सहायता, परामर्श और मार्गदर्शन प्रदान करती है। नागरिकों को समय पर सहायता एवं पुनर्वास के लिए इन सेवाओं का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।

अभियान के अंतर्गत पैम्प्लेट वितरण, नशा विरोधी पोस्टरों का प्रदर्शन, स्टैंडीज की स्थापना तथा नशा मुक्त जीवन शैली को बढ़ावा देने वाले प्रेरक व्याख्यान भी आयोजित किए गए। विशेष रूप से युवाओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए उन्हें नशे से दूर रहने और एक स्वस्थ एवं जिम्मेदार समाज के दूत बनने के लिए प्रेरित किया गया।

पुलिस उप महानिरीक्षक (सीआईडी), अण्डमान तथा निकोबार द्वीप समूह, श्री जितेंद्र कुमार मीणा (आईपीएस) ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि नशा जागरूकता और सामुदायिक सहभागिता, नशीली दवाओं के दुरुपयोग और तस्करी के उन्मूलन में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने नागरिकों से सतर्क रहने और इस लड़ाई में कानून प्रवर्तन एजेंसियों का सक्रिय सहयोग करने का आह्वान किया।

अण्डमान तथा निकोबार पुलिस एक नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है और जागरूकता फैलाने, जनता को शिक्षित करने तथा नशीले पदार्थों के दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रखेगी। यह अभियान इस बुराई के खिलाफ संघर्ष में अण्डमान तथा निकोबार पुलिस और उसके सहयोगियों की एकता एवं दृढ़ संकल्प का प्रमाण है। नागरिकों से अपील की जाती है कि नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी से संबंधित किसी भी जानकारी को मादक पदार्थ विरोधी पुलिस थाना के समर्पित मोबाइल नंबर 9531856080, डायल 112 या मानस हेल्पलाइन–1933 पर साझा करें।

# पहाड़गांव पुलिस की त्वरित कार्रवाई से खोए हुए मोबाइल फोन बरामद

श्री विजय पुरम, 30 अप्रैल

पिछले दो महीनों के दौरान पुलिस थाना पहाड़गांव को आम जनता से मोबाइल फोन गुम होने संबंधी कई शिकायतें प्राप्त हुईं। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए, थाना अध्यक्ष निरीक्षक साहिल शम्सुद्दीन के पर्यवेक्षण में एक समर्पित टीम, जिसमें उप निरीक्षक ज्योति तथा पुलिस आरक्षक एच. निशार और उस्मान शामिल थे, ने तत्काल कार्यवाही शुरू की।

सभी रिपोर्ट किए गए मोबाइल फोन को तुरंत तकनीकी निगरानी में रखा गया। टीम ने संबंधित तकनीकी आंकड़ों को प्राप्त कर उनका विश्लेषण किया तथा लगातार सीईआईआर (केंद्रीय उपकरण पहचान रजिस्टर) पोर्टल की निगरानी की। निरंतर तकनीकी ट्रैकिंग और फील्ड सत्यापन के परिणामस्वरूप विभिन्न स्थानों से कुल 10 खोए हुए मोबाइल फोन सफलतापूर्वक खोजकर बरामद किए गए।

29 अप्रैल, 2026 को बरामद किए गए मोबाइल फोन पहाड़गांव थाना में उनके वास्तविक दावेदारों को सौंप दिए गए। मोबाइल मालिकों ने त्वरित कार्रवाई और तकनीकी दक्षता के लिए अण्डमान तथा निकोबार पुलिस के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया, जिसके कारण उन्हें उनके कीमती उपकरण वापस प्राप्त हुआ। अण्डमान तथा निकोबार पुलिस आम जनता से अपील करती है कि गुम या चोरी हुए मोबाइल फोन की सूचना तुरंत सीईआईआर पोर्टल तथा नजदीकी पुलिस थाना में दर्ज कराएं। साथ ही नागरिकों से अनुरोध है कि यदि किसी के पास कोई ऐसा मोबाइल फोन मिले जो उनका नहीं है, तो इसकी जानकारी फोन नंबर 112, 03192–232100 और 03192–250525 पर दें। आपका सहयोग किसी खोए हुए मोबाइल फोन को उसके वास्तविक मालिक तक पहुंचाने में सहायक हो सकता है।

# एनसीसी कैडेट की उपलब्धि

श्री विजय पुरम, 30 अप्रैल

अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह की एनसीसी आर्मी यूनिट को यह घोषणा करते हुए अत्यंत गर्व हो रहा है कि इस यूनिट के अण्डमान कॉलेज के कैडेट डी. गोवर्धन राव का चयन प्रतिष्ठित 172 मद्रास टेरिटोरियल आर्मी बटालियन के लिए हो गया है। यह उपलब्धि इस क्षेत्र के एनसीसी कैडेटों के उच्च स्तरीय प्रशिक्षण और उज्ज्वल भविष्य को दर्शाती है। एनसीसी यूनिट हार्दिक बधाई देती है और उनके भविष्य के प्रयासों में निरंतर सफलता की कामना करती है।

# 2 से 3 मई तक ई–डिस्ट्रीक्ट पोर्टल रहेगा अस्थायी रूप से बंद

श्री विजय पुरम, 30 अप्रैल

अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह के सभी नागरिकों एवं संस्थानों को सूचित किया गया है कि म–क्पेजतपबज पोर्टल का सर्वर माइग्रेशन 2 मई, 2026 (शनिवार) प्रातः 12.01 बजे से 3 मई, 2026 (रविवार) रात्रि 11.59 बजे तक निर्धारित किया गया है।

इस अवधि के दौरान माइग्रेशन प्रक्रिया के कारण ई–डिस्ट्रीक्ट पोर्टल अस्थायी रूप से उपलब्ध नहीं रहेगा। सोवटेक की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, माइग्रेशन कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण होने के बाद पोर्टल उसी यूआरएल **URL:https://edistrict.andamannicobar.gov.in** पर पुनः उपलब्ध हो जाएगा।

# निकोबार द्वीप समूह हेतु नोटम वापस, 1 मई से अंतर–द्वीपीय हेलीकॉप्टर सेवाएं बहाल

श्री विजय पुरम, 30 अप्रैल

नागरिक उड्डयन विभाग की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, दिनांक 26 अप्रैल, 2026 को जारी पूर्व सार्वजनिक सूचना के क्रम में आम जनता को सूचित किया गया है कि चेन्नई एफआईआर द्वारा 28 अप्रैल, 2026 से 1 मई, 2026 तक निकोबार द्वीपसमूह के लिए जारी नोटम को 30 अप्रैल, 2026 से वापस ले लिया गया है। इसके साथ ही अंतर–द्वीपीय हेलीकॉप्टर सेवाएं 1 मई, 2026 से पुनः प्रारंभ होंगी।

# शिवपुरम पंचायत द्वारा जल संरक्षण पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



शिवपुरम, 30 अप्रैल

जल सुरक्षा को सु.ढ़ करने की दिशा में एक सक्रिय पहल के तहत ग्राम पंचायत शिवपुरम द्वारा आज बेटापुर के पद्मनाभपुरम स्थित राजकीय प्रवर माध्यमिक विद्यालय में सूचना, शिक्षा एवं संचार (आईईसी) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय युवाओं एवं समुदाय के सदस्यों को सतत जल प्रबंधन की आवश्यकता के प्रति जागरूक करना था।

इस कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, तकनीकी विशेषज्ञों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जो जल संरक्षण के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत शिवपुरम के प्रधान श्री वेंकटेश्वर राव, एपीडब्ल्यूडी बेटापुर की कनिष्ठ अभियंता श्रीमती विजयलक्ष्मी तथा राजकीय प्रवर माध्यमिक विद्यालय, पद्मनाभपुरम के प्रधानाध्यापक श्री नानी गोपाल दास उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में विभिन्न जानकारीपूर्ण एवं क्रियात्मक सत्र आयोजित किए गए। श्री वेंकटेश्वर राव ने प्रेरणादायक संबोधन देते हुए जल संसाधनों के संरक्षण एवं अपव्यय रोकने के लिए नागरिकों की सामूहिक जिम्मेदारी पर जोर दिया। इसके पश्चात प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने स्थानीय जल समस्याओं से संबंधित प्रश्न पूछे और सार्थक चर्चा के माध्यम से समाधान खोजने का प्रयास किया गया। शिवपुरम पंचायत की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, कार्यक्रम का समापन "जल संरक्षण" विषय पर आयोजित प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। प्रतिभागी विद्यार्थियों को अपने समुदाय में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया गया।

# आयुष द्वारा निःशुल्क ग्रीष्मकालीन योग शिविर का आयोजन

श्री विजय पुरम, 30 अप्रैल

आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के अंतर्गत, स्वास्थ्य सेवाओं के निदेशालय के आयुष विंग तथा अण्डमान तथा निकोबार राज्य आयुष सोसायटी (राष्ट्रीय आयुष मिशन) द्वारा द्वीपों के बच्चों (आयु वर्गः 6–12 वर्ष) में स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने एवं शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 2 मई से 30 मई, 2026 तक 'निःशुल्क ग्रीष्मकालीन योग शिविर' का आयोजन किया जा रहा है। सभी इच्छुक प्रतिभागियों से अनुरोध है कि वे नीचे उल्लिखित स्थान पर निर्धारित समयानुसार कक्षाओं में भाग लें।

| क्र.सं. | निर्धारित गतिविधि | समय एवं तिथि | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | बच्चों हेतु निःशुल्क ग्रीष्मकालीन योग शिविर | समय प्रातः 10 बजे से 11 बजे तक<br>अवधि : 2 मई से 30 मई, 2026 | योग इकाई, आयुष अस्पताल, जंगलीघाट |

अधिक जानकारी हेतु डॉ. नंदिनी, चिकित्सा अधिकारी प्रभारी (योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा), आयुष अस्पताल, मोबाइल नंबर 9449117606 पर संपर्क किया जा सकता है।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस पुलिस प्रशिक्षण संस्थान द्वारा 4 मई, 2026 से संगीत प्रशिक्षण हेतु ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन

श्री विजय पुरम, 30 अप्रैल

अण्डमान तथा निकोबार पुलिस के तत्वावधान में नेताजी सुभाष चंद्र बोस पुलिस प्रशिक्षण संस्थान (एनएससीबीपीटीआई), श्री विजय पुरम द्वारा पुलिस कर्मियों के बच्चों तथा आम जनता के बच्चों के लिए 45 दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 4 मई, 2026 से प्रारंभ होगा और प्रत्येक कार्यदिवस (सोमवार से शुक्रवार) प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक संस्थान परिसर में आयोजित किया जाएगा।

इस ग्रीष्मकालीन शिविर का उद्देश्य अवकाश अवधि के दौरान बच्चों को रचनात्मक एवं उपयोगी मंच प्रदान करना है, साथ ही संगीत के माध्यम से उनकी सृजनात्मक प्रतिभा का विकास और सांस्कृतिक समृद्धि को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को विभिन्न वाद्य यंत्रों जैसे कीबोर्ड, तबला, ढोलक, कॉन्गो, बांसुरी, सैक्सोफोन, हारमोनियम एवं गिटार में व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण सत्रों का संचालन एनएससीबीपीटीआई के अनुभवी संगीतज्ञों द्वारा, अण्डमान तथा निकोबार पुलिस कला मंच के सहयोग से किया जाएगा, जिससे प्रतिभागियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण एवं विविध संगीत विधाओं का अनुभव प्राप्त होगा। यह पहल अण्डमान तथा निकोबार पुलिस की सामुदायिक सहभागिता तथा बच्चों के समग्र विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। प्रतिभागियों को अभ्यास हेतु अपने रुचि के वाद्य यंत्र साथ लाने होंगे, जिन्हें वे प्रत्येक सत्र के बाद वापस ले जा सकेंगे। अभिभावकों एवं अभिरक्षकों से अनुरोध है कि वे अपने बच्चों का पंजीकरण निम्नलिखित गूगल फॉर्म लिंक के माध्यम से करें:

पंजीकरण फॉर्म लिंक (दो माह की ग्रीष्मकालीन कक्षा हेतु):
**https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLSfpuSTjjb-6WfMnTjJr6ec-jblAyU1NB8oUJUkHNvxjGWzV8w/viewform?usp=publish-editor**

अभिभावक/अभिरक्षक अपने बच्चों को एनएससीबीपीटीआई के ड्रिल हॉल तक प्रतिदिन लाने और वापस ले जाने के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे तथा इस संबंध में संस्थान के स्टाफ के साथ समन्वय करेंगे। प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार यह ग्रीष्मकालीन शिविर बच्चों को एक सार्थक एवं आनंददायक शिक्षण अनुभव प्रदान करेगा, जिससे वे अपने ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान अनुशासन, सृजनात्मकता और संगीत के प्रति गहरी रुचि विकसित कर सकेंगे।

# जेएनआरएम में अंतर्राष्ट्रीय गणित जागरूकता माह मनाया गया

श्री विजय पुरम, 30 अप्रैल



जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय (जेएनआरएम) के गणित विभाग द्वारा आज 30 अप्रैल, 2026 को जेएनआरएम गणितीय सोसायटी के तत्वावधान में "अंतर्राष्ट्रीय गणित जागरूकता माह" का उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य डॉ. पर्ल देवदास द्वारा किया गया, जिन्होंने दैनिक जीवन में गणित की अनिवार्य भूमिका पर प्रकाश डाला–चाहे वह वित्तीय बजट बनाना हो या तकनीक का उपयोग। विभागाध्यक्ष श्री शादाब हसन ने उपस्थित जनों का स्वागत किया।

जेएनआरएम गणितीय सोसायटी के अध्यक्ष एवं गणित विभाग के प्राध्यापक डॉ. मलई संबासिवम ने विशेष व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थियों को प्रेरित किया तथा गणितीय अवधारणाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन अंतिम वर्ष की बी.एससी. गणित की छात्रा श्रीमती शैबा सबाब ने किया, जबकि द्वितीय वर्ष की छात्रा शिवा श्रवाणी बेरा ने मंच संचालन करते हुए कार्यक्रम को सुचारू रूप से आगे बढ़ाया। प्रथम वर्ष की छात्रा राजश्री आर ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत कर कार्यक्रम का समापन किया। इस आयोजन ने विद्यार्थियों में गणित के प्रति रुचि और उत्साह को बढ़ावा देने के लिए सोसायटी की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

# फरारगंज में प्री–प्राइमरी सेक्शन का उद्घाटन, आधारभूत शिक्षा को मिलेगा बढ़ावा



श्री विजय पुरम, 30 अप्रैल

जिला परिषद विवेकानंद केंद्र विद्यालय, फरारगंज के प्री–प्राइमरी सेक्शन का आज औपचारिक उद्घाटन जिला परिषद दक्षिण अंडमान के अध्यक्ष श्री प्रकाश अधिकारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला परिषद दक्षिण अण्डमान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री रजनीश सिंह (आईएएस), जिला परिषद सदस्य फरारगंज निर्वाचन क्षेत्र श्री अब्दुल बशीर तथा फरारगंज पंचायत के प्रधान श्री सुनील कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र–छात्राओं, अभिभावकों एवं शिक्षकों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा शिक्षकों से संवाद करते हुए प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला तथा नवोदित विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए आधुनिक शिक्षण पद्धतियों को अपनाने पर जोर दिया।

उन्होंने शिक्षकों को नवाचारपूर्ण एवं गतिविधि–आधारित शिक्षण पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया, जिससे बच्चों के लिए एक आकर्षक एवं पोषणकारी वातावरण तैयार हो सके। अभिभावकों से भी अपने बच्चों की शिक्षा में सक्रिय सहभागिता निभाने तथा विद्यालय के प्रयासों में सहयोग करने का आग्रह किया गया। जिला परिषद दक्षिण अंडमान की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह उद्घाटन फरारगंज क्षेत्र में आधारभूत शिक्षा को सु.ढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और शिक्षा के बुनियादी ढांचे एवं गुणवत्ता में सुधार के प्रति जिला परिषद की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय द्वारा प्रकाशित तथा प्रबन्धक, राजकीय मुद्रणालय द्वारा मुद्रित, वितरण तथा विज्ञापन के लिए फोन–229465, प्रधान सम्पादक (प्रभारी) एस. बिजू पिल्लै
e-mail:dweepsamachar@gmail.com

पुलिस महानिदेशक का कार्यालय
अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह

# प्रेस विज्ञप्ति

# अण्डमान तथा निकोबार पुलिस में विभिन्न वर्ग–'ख' (अराजपत्रित) एवं वर्ग–'ग' पदों के लिए भर्ती–2026

अण्डमान तथा निकोबार पुलिस की विभिन्न यूनिट्स में विभिन्न वर्ग– 'ख' (अराजपत्रित) एवं वर्ग –'ग' पदों के लिए योग्य उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। यह पद दिव्यांगजनों (PwD) के लिए उपयुक्त नहीं हैं। इस भर्ती से संबंधित महत्वपूर्ण बातें इस प्रकार से हैं :–

I. आवेदन केवल ऑनलाइन मोड से ही लिए जाएँगे।

II. ऑनलाइन आवेदन जमा करते समय उम्मीदवार द्वारा दर्शाई गई पदों की अधिमान को ही उनकी अंतिम अधिमान माना जाएगा। उम्मीदवार द्वारा तत्पश्चात पदों की अधिमान को बदलने के लिए की गई अनुरोध पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जाएगा।

III. शारीरिक मापन एवं सहनशक्ति परीक्षण (PM&ET) अण्डमान तथा निकोबार पुलिस द्वारा अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह के विभिन्न केंद्रों पर निर्धारित एवं आयोजित किया जाएगा। शारीरिक मापन एवं सहनशक्ति परीक्षण केवल अर्हक प्रकृति का होगा।

IV. अण्डमान तथा निकोबार पुलिस द्वारा लिखित परीक्षा का आयोजन या तो टैब/कंप्यूटर या शीट पर केवल अंग्रेजी और/या हिंदी भाषा में ही करेगी।

V. अण्डमान तथा निकोबार पुलिस द्वारा व्यावसायिक (ट्रेड) परीक्षा (जिसके लिए भी लागू हो) का आयोजन अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह के श्री विजयपुरम के विभिन्न केंद्रों पर आयोजित किया जाएगा।

VI. शारीरिक परीक्षण, लिखित परीक्षा एवं/या व्यावसायिक (ट्रेड) परीक्षा (जिसके लिए भी लागू हो) पूरा होने पर, प्रतीक्षा सूची वाले उम्मीदवारों सहित अर्हता प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों की एक सूची जारी की जाएगी। सत्यापन के लिए केवल इन्हीं उम्मीदवारों के मूल दस्तावेजों/पात्रता प्रमाणपत्रों को लिए जाएँगे।

VII. पुलिस विभाग द्वारा अंतिम परिणाम घोषित किया जाएगा, जो कि लिखित परीक्षा सहित व्यावसायिक (ट्रेड) परीक्षा (जिसके लिए भी लागू हो) में उम्मीदवारों के निष्पादन एवं भर्ती सूचना में विनिर्दिष्ट अन्य निबंधनों पर आधारित होगा।

VIII. भर्ती प्रक्रिया पुलिस विभाग की शासकीय वेबसाइट (https://police.andaman nicobar.gov.in3) पर विद्यमान अधिसूचित भर्ती नियमावलियों एवं अनुमोदित स्थायी आदेशों के प्रावधानों के अनुसार शासित होंगे।

**पदों का नाम एवं रिक्तियों की संख्या :–**

## कार्यकारी शाखा, अण्डमान तथा निकोबार पुलिस

| क्रम सं. | पदनाम | | वर्गीकरण | रिक्तियों की संख्या | ऊर्ध्वाधर आरक्षण | | | | क्षैतिज आरक्षण | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | अनारक्षित | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनुसूचित जनजाति | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ई डब्ल्यूएस) | प्रतिभावान खिलाड़ी (एमएसपी) | भूतपूर्व सैनिक (ईएसएम) |
| | उप निरीक्षक (कार्यकारी) | खुली प्रतियोगिता | वर्ग-ख (अराजपत्रित ) | 28* | 04 | 19 (06**) | 04 (1**) | 01 | - | - |
| | | विभागीय | | 03* | 02 | - | 01 | - | - | - |
| | सिपाही (कार्यकारी) | | वर्ग -ग | 155* | 66 (21**) | 65 (21**) | 09 | 15 (04**) | 07 | 01 |
| | सिपाही (बैंड्समैन) | | | 04* | 01 | 02 | - | 01 | - | - |
| | सफाई कर्मचारी (कार्यकारी) | | | 10* | 05 | 04 | - | 01 | - | - |
| | फॉलोवर कारपेंटर (कार्यकारी ) (केवल पुरुष) | | | 01* | - | 01 | - | - | - | - |
| | फॉलोवर रसोईया (कार्यकारी) | | | 13* | 06 | 05 | 01 | 01 | - | - |
| | फॉलोवर दर्जी (कार्यकारी) | | | 01* | 01 | - | - | - | - | - |
| | फ़ॉलोवर नाई (कार्यकारी) | | | 01* | - | 01 | - | - | - | - |
| | फॉलोवर धोबी (कार्यकारी) | | | 03* | 01 | 02 | - | - | - | - |

## पुलिस रेडियो संगठन (पीआर), अण्डमान तथा निकोबार पुलिस

| क्रम सं. | पद का नाम | वर्गीकरण | रिक्तियों की संख्या | ऊर्ध्वाधर आरक्षण | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अनारक्षित | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनुसूचित जनजाति | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ई डब्ल्यूएस) |
| | रेडियो ऑपरेटर (एएसआई) | वर्ग-ख (अराजपत्रित ) | 71* | 36 | 24 | 04 | 07 |
| | रेडियो तकनीशियन (एएसआई) | | 12* | 06 | 04 | 01 | 01 |
| | सिफर ऑपरेटर (एएसआई) | | 02* | 01 | 01 | - | - |
| | फिटर इलेक्ट्रीशियन (एच सी ) (केवल पुरुष) | वर्ग -ग | 04* | 02 | 02 | - | - |
| | सिपाही (वीएचएफ ऑपरेटर) | | 01* | 01 | - | - | - |
| | डीजल मैकेनिक (केवल पुरुष) | | 02* | 01 | 01 | - | - |
| | फॉलोवर मैसेंजर | | 16* | 09 | 06 | - | 01 |

## पुलिस मोटर परिवहन (पीएमटी), अण्डमान तथा निकोबार पुलिस

| क्रम संख्या | पद का नाम | वर्गीकरण | रिक्तियों की संख्या | ऊर्ध्वाधर आरक्षण | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अनारक्षित | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनुसूचित जनजाति | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ई डब्ल्यूएस) |
| | उप निरीक्षक (पीएमटी) | वर्ग-ख (अराजपत्रित ) | 02* | - | 02 | - | - |
| | डीलिंग सहायक (एचसी) | वर्ग -ग | 01* | 01 | - | - | - |
| | भंडारपाल (एचसी) | | 01* | 01 | - | - | - |
| | सहायक मैकेनिक (पीसी) | | 02* | 01 | 01 | - | - |
| | मैकेनिक हेल्पर (पीसी) | | 02* | 02 | - | - | - |
| | सिपाही (ड्राइवर) | | 15* | 07 | 07 | - | 01 |

## पुलिस मरीन बल (पीएमएफ), अण्डमान तथा निकोबार पुलिस

| क्रम संख्या | पद का नाम | वर्गीकरण | रिक्तियों की संख्या | ऊर्ध्वाधर आरक्षण | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अनारक्षित | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनुसूचित जनजाति | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ई डब्ल्यूएस) |
| 1. | उप निरीक्षक (मास्टर) | वर्ग-ख (अराजपत्रित ) | 02* | 01 | 01 | - | - |
| 2. | पुलिस सिपाही (ग्रीसर) | वर्ग -ग | 04* | - | 02 | - | 02 |
| 3. | पुलिस सिपाही (लास्कर) | | 07* | 03 | 01 | 01 | 02 |

## अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएँ (एफएस),अण्डमान तथा निकोबारपुलिस

| क्रम संख्या | पद का नाम | वर्गीकरण | रिक्तियों की संख्या | ऊर्ध्वाधर आरक्षण | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अनारक्षित | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनुसूचित जनजाति | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ई डब्ल्यूएस) |
| 1. | उप निरीक्षक (स्टेशन ऑफिसर) | वर्ग-ख (अराजपत्रित ) | 01* | - | 01 | - | - |
| 2. | फायरमैन (पीसी) (एफएस) | वर्ग -ग | 77* | 41 | 29 | - | 07 |
| 3. | पुलिस सिपाही (ड्राइवर) एफएस) | | 17* | 07 | 06 | 03 | 01 |
| 4. | सफाई कर्मचारी (एफएस) | | 02* | - | 01 | - | 01 |
| 5. | फॉलोवर रसोइया (एफ एस ) | | 01* | - | - | - | 01 |
| 6. | फॉलोवर दफ्तरी | | 01* | 01 | - | - | - |

## भारत रिजर्व बटालियन (आईआरबीएन),अण्डमान तथा निकोबार पुलिस

| क्रम संख्या | पद का नाम | वर्गीकरण | रिक्तियों की संख्या | ऊर्ध्वाधर आरक्षण | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अनारक्षित | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनुसूचित जनजाति | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ई डब्ल्यूएस) |
| 1. | उप निरीक्षक (सामान्य ड्यूटी) | वर्ग-ख (अराजपत्रित ) | 01* | - | - | 01 | - |
| 2. | सिपाही (सामान्य ड्यूटी) | वर्ग -ग | 29* | 12 | 12 | 03 | 02 |
| 3. | सिपाही (वायरलेस) | | 02* | 02 | - | - | - |
| 4. | नर्सिंग सहायक | | 01* | 01 | - | - | - |
| 5. | सिपाही (नाई) | | 01* | 01 | - | - | - |
| 6. | सिपाही (सफाई कर्मचारी) | | 01* | 01 | - | - | - |
| 7. | सिपाही (जल वाहक) | | 01* | 01 | - | - | - |

नोट:–

**(i) श्रेणियाँ [यूआर–अनारक्षित (सामान्य), ओबीसी– अन्य पिछड़ा वर्ग, एसटी– अनुसूचित जनजाति, ईडब्ल्यूएस– आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, एमएसपी– मेधावी खिलाड़ी, ईएसएम– भूतपूर्व सैनिक,**

(ii) * हर श्रेणी में रिक्तियों की संख्या अनंतिम है और इसमें बदलाव हो सकता है।

(iii) ** हर श्रेणी में महिला उम्मीदवारों के लिए क्षैतिज आरक्षण है।

(iv) फायर सर्विस में उप निरीक्षक (स्टेशन ऑफिसर), फायरमैन (PC) और पुलिस सिपाही (ड्राइवर), IRBn में उप निरीक्षक (GD), सिपाही (वायरलेस), सिपाही (GD), सिपाही (नाई), सिपाही (जल वाहक) और सिपाही (सफाई कर्मचारी), फॉलोवर कारपेंटर (कार्यकारी), फिटर इलेक्ट्रीशियन (HC) और पुलिस रेडियो में डीजल मैकेनिक, पुलिस मोटर परिवहन (PMT) में उप निरीक्षक (PMT), सहायक मैकेनिक (PC), मैकेनिक हेल्पर (PC), सिपाही (ड्राइवर) और पुलिस मरीन बल (PMF) में उप निरीक्षक (मास्टर), पुलिस सिपाही (ग्रीजर), और पुलिस सिपाही (लास्कर) के पद के लिए केवल पात्र पुरुष उम्मीदवारों से ही आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

(v) अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित पद पर आरक्षण का लाभ केवल अण्डमान तथा निकोबार द्वीप समूह (अनुसूचित जनजाति) संवैधानिक आदेश संख्या 1959 में निर्दिष्ट अनुसूचित जनजातियों को ही प्राप्त होगा।

(vi) अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित पद पर आरक्षण का लाभ केवल प्रशासन के दिनांक 30.03.2006 के परिपत्र संख्या 8–3/2003–TW में निर्दिष्ट अन्य पिछड़ा वर्ग को ही प्राप्त होगा।

(vii) आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS)/प्रतिभावान खिलाड़ी (MSP) के लिए आरक्षण का लाभ भारत सरकार/अण्डमान तथा निकोबार प्रशासन द्वारा समय–समय पर जारी किए गए दिशानिर्देश/अनुदेशों के अनुसार लागू होगा।

(viii) भूतपूर्व सैनिक के रूप में आरक्षण का लाभ प्राप्त करने वाले उम्मीदवार को यह सुनिश्चित कर लेना होगा की वह भूतपूर्व सैनिक के आरक्षण के लिए पात्र है और उनका नाम अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह के राज्य सैनिक बोर्ड में पंजीकृत है।

(ix) प्रत्येक पद के लिए उपलब्ध रिक्तियों के आधार पर उम्मीदवारों को योग्यता क्रम सूची(Merit list) के अनुसार नियुक्ति पत्र जारी किए जाएँगे।

## वेतनमान

| पदनाम | | वेतन मैट्रिक्स में स्तर |
|---|---|---|
| 1. | उप निरीक्षक (कार्यकारी) | स्तर 6 (₹35,400 -₹1,12,400) |
| 2. | उप निरीक्षक (स्टेशन ऑफिसर) (एफएस) | |
| 3. | उप निरीक्षक (पीएमटी) | |
| 4. | उप निरीक्षक (मास्टर) (पीएमएफ) | |
| 5. | उप निरीक्षक (जीडी) (आईआरबीएन) | |
| 6. | रेडियो ऑपरेटर (एएसआई) (पीआर) | |
| 7. | रेडियो तकनीशियन (एएसआई) (पीआर) | |
| 8. | सिफर ऑपरेटर (एएसआई) (पीआर) | |
| 9. | डीलिंग असिस्टेंट (एचसी) (पीएमटी) | स्तर – 4 (₹25,500 – ₹81,100) |
| 10. | स्टोर कीपर (एचसी) (पीएमटी) | |
| 11. | फिटर इलेक्ट्रीशियन ((एचसी) (केवल पुरुष) (पीआर ) | स्तर -3 (₹21,700- ₹69,100) |
| 12. | सिपाही (कार्यकारी) | |
| 13. | सिपाही (बैंड्समैन) | |
| 14. | सिपाही (जीडी) (आईआरबीएन) | |
| 15. | सिपाही (वायरलेस) (IRBn) | |
| 16. | पुलिस सिपाही (ग्रीसर) (पीएमएफ) | |
| 17. | पुलिस सिपाही (लास्कर) (पीएमएफ) | |
| 18. | सहायक मैकेनिक (पीसी) (पीएमटी) | |
| 19. | मैकेनिक हेल्पर (पीसी) (पीएमटी) | |
| 20. | सिपाही (ड्राइवर) (पीएमटी) | |
| 21. | पुलिस सिपाही (ड्राइवर) (एफएस) | |
| 22. | फायरमैन (पीसी) (एफएस) | |
| 23. | सिपाही (नाई) (IRBn) | |
| 24. | सिपाही (सफाई कर्मचारी) (आईआरबीएन) | |
| 25. | सिपाही (जल वाहक) (आईआरबीएन) | |
| 26. | सिपाही (वीएचएफ ऑपरेटर) (पीआर) | |
| 27. | नर्सिंग सहायक (आईआरबीएन) | स्तर -2 (₹19,900- ₹63,200) |
| 28. | डीजल मैकेनिक (केवल पुरुष) (पीआर) | स्तर – 1 (₹18,000 – ₹56,900) |
| 29. | सफाई कर्मचारी (कार्यकारी) | |
| 30. | फॉलोवर कारपेंटर (कार्यकारी)(केवल पुरुष) | |
| 31. | फॉलोवर रसोइया (कार्यकारी) | |
| 32. | फॉलोवर दर्जी (कार्यकारी) | |
| 33. | फॉलोवर नाई (कार्यकारी) | |
| 34. | फॉलोवर धोबी (कार्यकारी) | |
| 35. | फॉलोवर रसोइया (एफ एस) | |
| 36. | सफाई कर्मचारी (एफ एस) | |
| 37. | फॉलोवर दफ्तरी (एफएस) | |
| 38. | फॉलोवर मैसेंजर (पी आर) | |

पात्रता की शर्तें एवं अन्य अनुदेशों सहित सम्पूर्ण विवरण को दिनांक 24/04/2026 के विस्तृत भर्ती सूचना संख्या A-12024/1/2024-RECRUITMENTCELLPHQ-POLICE_AN/284 में दर्शाया गया है, जिसे अण्डमान तथा निकोबार पुलिस की वेबसाइटों: https://police.andamannicobar.gov.in या https://erecruitment.andamannicobar.gov.in से डाउनलोड कर सकते हैं। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपने आवेदन जमा करने से पहले भर्ती सूचना को ध्यान से पढ़ लें।

ऑनलाइन आवेदन को दिनांक 27/04/2026 के 1100 बजे से दिनांक 17/05/2026 के 23:59 बजे (आधी रात) तक स्वीकार किए जाएँगे। ऑनलाइन आवेदन जमा करने का लिंक अण्डमान तथा निकोबार पुलिस की वेबसाइट https://police.andamannicobar.gov.in या https://erecruitment.andamannicobar.gov.in पर उपलब्ध है।

किसी भी प्रकार की शंकाओं के समाधान के लिए उम्मीदवार भर्ती प्रकोष्ठ, पुलिस मुख्यालय, श्री विजय पुरम, अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह से ई–मेल पता recruitment.phq@and.nic.in पर ई–मेल द्वारा या दूरभाष संख्या 03192–230735 पर फ़ोन करके सभी कार्य दिवसों में सुबह 09:30 बजे से शाम 05:00 बजे तक संपर्क कर सकते हैं।

ह./–
**पुलिस अधीक्षक (भर्ती),**
पुलिस मुख्यालय,
श्री विजय पुरम, अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह

# इतिहास के पन्नों में 01 मई

नई दिल्ली, 30 अप्रैल।

1886– अमेरिका के शिकागो में कामगारों के लिए काम के घंटे तय करने को लेकर हड़ताल, मजदूर दिवस मनाने की शुरुआत।

1945– सोवियत लाल सेना का बर्लिन में प्रवेश।

1897– स्वामी विवेकानंद ने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की।

1908– प्रफुल्ल चाकी ने मुजफ्फरपुर बम कांड को अंजाम देने के बाद खुद को गोली मारी।

1914– कार निर्माता फोर्ड वह पहली कंपनी बनी जिसने अपने कर्मचारियों के लिए आठ घंटे काम करने का नियम लागू किया।

1923– भारत में मई दिवस मनाने की शुरुआत।

1956– जोनसा साल्क द्वारा विकसित पोलियो वैक्सीन जनता के लिए उपलब्ध कराई गई।

1960– महाराष्ट्र और गुजरात अलग अलग राज्य बने।

1972 – देश की कोयला खदानों का राष्ट्रीयकरण।

1984 – फू दोरजी बिना ऑक्सीजन के माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने में सफल।

1993 – श्रीलंका के राष्ट्रपति रणसिंघे प्रेमदास की बम विस्फोट में मृत्यु।

1996 – संयुक्त राष्ट्र ने स्वयं को सरकारी तौर पर निर्धन घोषित किया।

1998 – पोलैंड, हंगरी और चेक गणराज्य को नाटो में शामिल करने संबंधी प्रस्ताव सीनेट में पारित।

1999 – नेपाल में मृत्युदंड की सजा समाप्त।

2000 – अंतरराष्ट्रीय अन्तर–संसदीय संघ ने पाकिस्तान, आइवरी कोस्ट व सूडान को देश की संसद भंग करने के लिए संघ की सदस्यता से निलंबित किया।

2001 – लश्कर–ए–तोइबा व जैश–ए–मोहम्मद संयुक्त राज्य अमेरिका में आतंकवादी संगठन घोषित, भारत संयुक्त अमेरिकी की विशेष 301 सूची में शामिल।

2002 – अमेरिका की अपील पर इस्रायल ने हेब्रोन से सेना हटाई।

2003 – अमेरिकी राजनयिक पाल ब्रेमर की इराक के प्रशासक पद पर नियुक्ति।

2004 – यूरोपीय संघ में 10 नये राष्ट्र शामिल।


## ई–निविदा सूचना

F.No. E 141902 M-13/11/2026/746 दिनांक 29.04.2026

अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह समन्वित विकास निगम लिमिटेड, विकास भवन, पोस्ट बॉक्स नं.180, श्री विजय पुरम (अनिडको) की ओर से अलोनिवि या किसी अन्य सरकारी विभाग के ठेकेदारों से ऑनलाइन मद दर ई–निविदा आमंत्रित की जाती है भले हो उनकी सूची इस शर्ते पर हो कि उन्हें सीपीडब्ल्यूडी वर्कस मैनुअल के अनुसार और इन द्वीपों में अन्य भारत सरकार संगठनों के साथ कार्य के प्रासंगिक परिमाण को क्रियान्वित करने का अनुभव है और उनके पास कोई प्रतिकूल टिप्पणी नहीं है :

एन.आई.टी.सं. अनिडको/सीडब्लू/26–27/टीडी–05
कार्य का नामः डिगलीपुर में आई एम एफ एल दुकान का आंतरिक संशोधन
अनुमानित लागत : रु. 7,32,486/–
निविदा/बोली प्रसंस्करण शुल्क : लागू नहीं
बयाना राशि : रु. 14,650/–
कार्य पूर्ण करने की अवधि : 60 दिन
निविदा दस्तावेज प्रकाशन तिथि : 29.04.2026
निविदा दस्तावेज डाउनलोड/आरंभ तिथि : 30/04/2026 के पूर्वाह्न 10.00 बजे
निविदा दस्तावेज जमा करने की आरंभ तिथि : 11/05/2026 के पूर्वाह्न 10.00 बजे
निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि : 18/05/2026 के अपराह्न 3.00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि : 19/05/2026 के पूर्वाह्न 11.00 बजे
निविदा प्रपत्र और अन्य विवरण वेबसाइट https://eprocure.andamannicobar.gov.in से प्राप्त किए जा सकते हैं।
निविदा आईडी:2026_ANCVL_22869_1

महाप्रबंधक (सिविल कार्य), अनिडको




# डीएफएस ने दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए उठाए अहम कदम–वित्त मंत्रालय

नई दिल्ली, 29 अप्रैल। वित्त मंत्रालय के तहत वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) ने सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, बीमा कंपनियों और अन्य वित्तीय संस्थानों के प्रबंधन को केंद्र सरकार के निर्देशों के अनुरूप सीधी भर्ती और पदोन्नति दोनों में 'मानक दिव्यांगता' वाले व्यक्तियों को आरक्षण प्रदान करने का निर्देश दिया है।

वित्त मंत्रालय ने बुधवार को जारी एक बयान में बताया कि इसके अलावा सभी सार्वजनिक क्षेत्र के वित्तीय संस्थानों को निम्नलिखित सलाह दी गई है, जो इस प्रकार है। मंत्रालय ने कहा कि दिव्यांग कर्मचारी कल्याण संघों के साथ समय–समय पर बैठकें आयोजित करना, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उनके विचारों को सुना जा रहा है और उनकी शिकायतों का समय पर निवारण किया जा रहा है।

मंत्रालय के मुताबिक मुख्य सम्पर्क अधिकारीध्सम्पर्क अधिकारी की नियुक्ति करें, ताकि केंद्र सरकार द्वारा आरक्षण नीति (जिसमें दिव्यांगजनों के लिए आरक्षण भी शामिल हैं) से संबंधित जारी निर्देशोंध्आदेशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जा सके। इसके अलावा अपने संबंधित बोर्डों के अनुमोदन से 'दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016' की धारा 21 और 23 के अनुपालन में एक समान अवसर नीति अपनाना शामिल है।

वित्त मंत्रालय ने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों के लिए एक समावेशी कार्य वातावरण सुनिश्चित करना है, जो भेदभाव रहित हो और उन्हें युक्तिसंगत सुविधा, बाधा रहित पहुंच, निष्पक्ष भर्ती और कैरियर विकास के अवसर प्रदान करे। दिव्यांग कर्मचारियों की शिकायतों, समस्याओं के समाधान के लिए एक शिकायत निवारण अधिकारी नियुक्त करना है।

## ई–निविदा सूचना

F.No. M-13/18/2023-ANIIDCO_AN/17792/480 दिनांक 29.04.2026

स्वराज द्वीप, बाराटांग, और कालीघाट स्थित नए अनिडको आईएमएफएल सेल्फ सर्विस शॉप के लिए सीसीटीवी (CCTV) कैमरे और संबंधित सहायक उपकरण, साथ ही 2 KVA इन्वर्टर, 150 AH की दो बैटरियां और बैटरी रैक की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और चालू करने हेतु ऑनलाइन ई–टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं।

निविदा के नियम और शर्तों युक्त दस्तावेज वेबसाइट https://eprocure.andamannicobar.gov.in से डाऊनलोड कर सकते हैं अथवा वरिष्ठ प्रबंधक, (आईटी), अनिडको, विकास भवन, श्री विजय पुरम से भी सभी कार्य दिवसों के दौरान दिनांक 18/05/2026 के सायं 5.00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है।

निविदा दिनांक 19/05/2026 को दोपहर 2.00 बजे तक या उससे पहले ऑनलाइन https://eprocure.andamannicobar.gov.in भरी जानी चाहिए। दस्तावेज मुहरबंद लिफाफे में रखकर निगमित कार्यालय स्थित टेंडर बॉक्स में दिनांक 19/05/2026 को 3.00 बजे तक डाल दें, और तकनीकी बोली उसी दिन सायं 4.00 बजे निविदादाताओं या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जाएगा।

निगम के प्रबंध निदेशक, अनिडको के पास किसी भी निविदा को स्वीकार करने अथवा सभी को बिना कोई कारण बताए रद्द करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

नोडल अधिकारी (आईटी), अनिडको

## शपथ–पत्र

मैं, महेश राव, पुत्र श्री सांबा शिवा, निवासी राजीव नगर, शोर पॉइंट गाँव, बम्बूफ्लैट पोस्ट, फरारगंज तहसील, दक्षिण अण्डमान जिला, अण्डमान और निकोबार द्वीपसमूह–744107, एतद्द्वारा पूरी गंभीरता से यह पुष्टि और घोषणा करता हूँ कि –

1. मेरे जन्म प्रमाण पत्र (पंजीकरण संख्या 350, दिनांक 28.11.94), माध्यमिक विद्यालय परीक्षा उत्तीर्ण प्रमाण पत्र (क्रमांक S.S.E./2010/0423942, दिनांक 28.05.2010), वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय परीक्षा उत्तीर्ण प्रमाण पत्र (क्रमांक SSCE/2012/677785, दिनांक 28.05.2012), आधार कार्ड संख्या 7155 1536 1948 और स्थानीय प्रमाण पत्र संख्या 262373 में, मेरे पिता का नाम अनजाने में 'सांभा शिवा' के रूप में दर्ज हो गया है, जबकि उनका सही नाम 'सांबा शिवम' है। यही नाम मेरे पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस संख्या AN01 20240002341 और पिछले पासपोर्ट संख्या N7251589 में दर्ज है।
2. ये दोनों नाम –'सांभा शिवा' और 'सांभा शिवम'–एक ही व्यक्ति के हैं, और वह व्यक्ति मेरे पिता हैं।
3. मैं यह शपथ–पत्र अपने पासपोर्ट में अपने पिता का सही नाम 'सांबा शिवम' दर्ज करवाने के उद्देश्य से दे रहा हूँ।

ऊपर दिए गए सभी कथन मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार पूर्णतः सत्य और सही हैं।

शपथकर्त्ता

# नौसेना को मिला 'महेंद्रगिरी' युद्धपोत, ब्रह्मोस मिसाइल की तैनाती से बढ़ेगी समुद्री क्षमता

नई दिल्ली, 30 अप्रैल। भारतीय नौसेना को प्रोजेक्ट 17ए फ्रिगेट्स का आखिरी स्टेल्थ फ्रिगेट 'महेंद्रगिरी' गुरुवार को मिल गया। मुंबई में मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) ने आज देश में ही बना चौथा जहाज नौसेना को सौंपा, जिससे भारत की समुद्री ताकत काफी बढ़ गई है। जहाज का नाम ओडिशा स्थित पूर्वी घाट की एक पर्वत शिखर के नाम पर रखा गया है, जिस पर ब्रह्मोस मिसाइल की भी तैनाती हो सकती है।



प्रोजेक्ट 17ए कार्यक्रम के तहत मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) को चार और गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) को तीन जहाजों का निर्माण सौंपा गया था। इस परियोजना के पहले छह जहाज तारागिरी, उदयगिरि, दूनागिरी, नीलगिरि, हिमगिरि और विंध्यगिरि 2019–2023 के बीच लॉन्च किए जा चुके हैं। भारतीय सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 17 अगस्त को विंध्यगिरि को कोलकाता के गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) में लॉन्च किया था। भारत में पर्वत शृंखलाओं के नाम पर इन सभी जहाजों के नाम रखे गए हैं।

भारतीय नौसेना के लिए बनाए गए प्रोजेक्ट 17ए फ्रिगेट्स का आखिरी और सातवां युद्धपोत महेंद्रगिरी 01 सितम्बर 2023 को तत्कालीन उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ ने रिमोट से बटन दबाकर अरब सागर में उतारा था। इस प्रोजेक्ट के जहाजों को भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो ने इन–हाउस डिजाइन किया है। शिवालिक क्लास के बाद इन युद्धपोतों में बेहतर स्टेल्थ फीचर्स, उन्नत हथियार और सेंसर तथा प्लेटफॉर्म प्रबंधन सिस्टम हैं। महेंद्रगिरी तकनीकी रूप से उन्नत जंगी जहाज है और इसके निर्माण में 75 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल किए गया है। यह जहाज पहला गैस टर्बाइन की संचालन शक्ति पर आधारित है और इस पर बहुत बड़ा युद्ध प्लेटफॉर्म है। प्रोजेक्ट 17ए के जहाजों में इस्तेमाल सामग्री और उपकरण स्वदेशी वेंडरों से लिए गए हैं।

# 1 मई को मजदूर दिवस क्यों मनाया जाता है? जानिए इतिहास और महत्व

नई दिल्ली, 30 अप्रैल। हर साल 1 मई को दुनिया भर में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया जाता है। यह दिन उन लाखों मेहनतकश मजदूरों को समर्पित है, जो अपने श्रम से समाज और अर्थव्यवस्था की नींव मजबूत करते हैं। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि इस दिन की शुरुआत कैसे हुई और इसका असली महत्व क्या है?




आज के समय में हमें 8 घंटे काम, छुट्टियां और श्रमिक अधिकार जैसे कई सुविधाएं मिलती हैं, लेकिन ये अधिकार आसानी से नहीं मिले। इसके पीछे लंबा संघर्ष, आंदोलन और कई लोगों की कुर्बानी छिपी है। मजदूर दिवस उसी संघर्ष की याद दिलाता है और हमें श्रमिकों के अधिकारों के प्रति जागरूक करता है।

अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस की शुरुआत 19वीं सदी में हुई। उस समय मजदूरों से 12–16 घंटे तक काम कराया जाता था। 1 मई 1886 को अमेरिका के शिकागो में हजारों मजदूरों ने 8 घंटे काम की मांग को लेकर हड़ताल की। यह आंदोलन बाद में हेमार्केट अफेयर के रूप में प्रसिद्ध हुआ, जिसने पूरी दुनिया का ध्यान मजदूरों के अधिकारों की ओर खींचा।

1889 में सेकेंड इंटरनेशनल नामक संगठन ने 1 मई को मजदूर दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया। इसके बाद धीरे–धीरे यह दिन कई देशों में मनाया जाने लगा और आज यह एक वैश्विक प्रतीक बन चुका है।

भारत में पहली बार मजदूर दिवस 1923 में चेन्नई में मनाया गया था। इसे एम. सिंगारवेलु चेट्टियार ने आयोजित किया था। उस समय से यह दिन भारत में भी श्रमिकों के सम्मान और उनके अधिकारों की जागरूकता के लिए मनाया जाता है।

यह दिन हमें याद दिलाता है कि श्रमिक समाज की रीढ़ होते हैं। मजदूर दिवस के जरिए उनके अधिकारों, बेहतर कामकाजी परिस्थितियों और उचित वेतन की जरूरत को उजागर किया जाता है। यह दिन सामाजिक न्याय और समानता का संदेश भी देता है।

आज भी कई जगह मजदूरों को उचित वेतन और सुविधाएं नहीं मिलतीं। ऐसे में मजदूर दिवस सिर्फ एक छुट्टी नहीं, बल्कि एक जागरूकता अभियान है। यह हमें प्रेरित करता है कि हम श्रमिकों के अधिकारों का सम्मान करें और उनके लिए बेहतर भविष्य की दिशा में काम करें।

# ग्रीन एनर्जी में भारत की रफ्तार तेज, दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सोलर मार्केट बना देश– एक्सपर्ट्स

नई दिल्ली, 30 अप्रैल। राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित रेजिलिएंट फ्यूचर्स समिट 2026 में देश समेत वैश्विक विशेषज्ञों ने भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और ग्रीन एनर्जी सेक्टर में उसकी मजबूत पकड़ की सराहना की। इंटरनेशनल सोलर एलायंस (आईएसए) के महानिदेशक आशीष खन्ना ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि भारत 2025 में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सोलर मार्केट बन गया है, जहां करीब 50 गीगावाट नई सोलर क्षमता जोड़ी गई है।

उन्होंने बताया कि पीएम–कुसुम दुनिया की सबसे बड़ी कृषि सोलराइजेशन योजना है, जबकि पीएम सूर्य घर योजना तेजी से आगे बढ़ रही है। भारत इन सफल अनुभवों को अफ्रीका समेत अन्य देशों के साथ साझा करने की कोशिश कर रहा है। अब फोकस एआई और डिजिटाइजेशन पर भी बढ़ रहा है, जिससे ऊर्जा क्षेत्र और मजबूत होगा।

खन्ना ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का विजन काफी दूरदर्शी रहा है। उन्होंने 2015 में 1,000 गीगावाट और 1 ट्रिलियन डॉलर का लक्ष्य रखा था, जिसे दुनिया ने तेजी से हासिल करना शुरू कर दिया है। इससे साफ है कि इंटरनेशनल सोलर एलायंस सही समय पर स्थापित किया गया था।

इसके अलावा, कोलंबिया यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर जेफरी सैक्स ने कहा कि अदाणी ग्रीन एनर्जी की पहल भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। यह भविष्य को ध्यान में रखकर बड़े स्तर पर काम कर रही है, जो न सिर्फ भारत बल्कि पूरी दुनिया के लिए सकारात्मक संकेत है।


इसके साथ ही, यूरोपीय निवेश बैंक के दक्षिण एशिया प्रमुख माइकल स्टीडल ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है। उन्होंने कहा कि 2047 तक विकसित देश बनने की दिशा में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है।

आगे उन्होंने यह भी कहा कि यूरोप भारत को एक मजबूत रणनीतिक साझेदार के रूप में देखता है। आने वाले समय में फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) के जरिए दोनों के बीच व्यापार और निवेश के नए अवसर खुलेंगे। यूरोप की टेक्नोलॉजी और इनोवेशन क्षमता, और भारत की मैन्युफैक्चरिंग ताकत मिलकर बड़ी साझेदारी का आधार बन सकती है।

वहीं, आईएएनएस से बात करते हुए टीडीके सेंसईआई के सीईओ संदीप पंड्या ने कहा कि यह समिट दिखाता है कि कैसे एआई, डेटा सेंटर और प्रोडक्टिविटी ऊर्जा सेक्टर और समाज को प्रभावित कर रहे हैं। भारत में सरकार और कॉरपोरेट सेक्टर मिलकर सस्टेनेबल एनर्जी पर जोर दे रहे हैं, जिससे भविष्य की ऊर्जा जरूरतें पूरी की जा सकें।

# गर्मियों में शहद का सेवन हानिकारक या लाभदायक, जानें क्या कहता है आयुर्वेद

नई दिल्ली, 30 अप्रैल। गर्मियों में गर्म तासीर वाली चीजों के सेवन को कम करने की सलाह दी जाती है, क्योंकि पहले से ही बाहरी वातावरण गर्म होता है और शरीर के अंदर भी पित्त बढ़ने लगता है।



ऐसे में शरीर बाहरी और आंतरिक गर्मी से प्रभावित होता है। यही कारण है कि गर्मियों में ठंडी तासीर वाली चीजों की मांग बढ़ जाती है और गर्म तासीर वाली चीजों को किनारे कर दिया जाता है, लेकिन इसी के साथ एक बड़ा सवाल यह भी है कि क्या गर्मी में शहद का सेवन करना हानिकारक हो सकता है।

आयुर्वेद में शहद को अमृत माना जाता है, लेकिन उसकी तासीर गर्म और नमी देने वाली होती है। गर्मियों में पहले ही वायुमंडल में ताप और नमी होती है। ऐसे में क्या गर्मियों में शहद का सेवन करना सही रहेगा। आयुर्वेद मानता है कि भले ही शहद की तासीर गर्म होती है, लेकिन इसे श्योगवाहीश द्रव्य भी कहा गया है यानी शहद को जिस वस्तु के साथ मिलाकर लिया जाए, वो वैसे ही गुण आत्मसात कर लेता है।

अगर शहद का सेवन सीधे तौर पर किया जाए, तो यह शरीर का पित्त बढ़ाकर गर्मी और जलन पैदा कर सकता है, लेकिन अगर इसी विधि और खाद्य पदार्थ के साथ लिया जाए, तो इसकी तासीर दोनों बदल जाती है। जैसे गर्मियों में शहद का सेवन मिट्टी के घड़े के पानी के साथ मिलाकर सुबह कर सकते हैं। इसमें नींबू मिलाकर सुबह खाली पेट लें। यह शरीर को ठंडा रखने में मदद करेगा और वजन को भी नियंत्रित रखेगा।

गर्मियों में सत्तू का सेवन हर घर में किया जाता है। कुछ लोग मीठा सत्तू लेना पसंद करते हैं और उसमें चीनी का प्रयोग करते हैं, लेकिन चीनी की बजाय सत्तू में शहद का प्रयोग किया जा सकता है। यह शरीर को ठंडक और ऊर्जा दोनों प्रदान करेगा। यह मिश्रण न केवल शरीर को हाइड्रेटेड रखेगा, बल्कि मांसपेशियों की थकान को भी पल भर में दूर कर देगा।

शहद को दोपहर के वक्त दही के साथ भी लिया जा सकता है। शहद और दही का मिश्रण एक बेहतरीन प्रोबायोटिक खाद्य पदार्थ है, जो पाचन तंत्र को मजबूत करता है और लू से बचाने में भी मदद करता है। इसके साथ ही ध्यान रखने वाली बात यह भी है कि शहद को कभी भी घी के साथ न लें। यह विरुद्ध आहार की श्रेणी में आता है। दोनों का साथ में सेवन करने से शरीर में अधिक गर्मी बनने लगती है और वात और पित्त का असंतुलन भी होता है।

# आईपीएल 2026 में बना नया कीर्तिमान, 18वें सीजन में बना रिकॉर्ड टूटा

नई दिल्ली, 30 अप्रैल। इंडियन प्रीमियर लीग में बल्लेबाजी ऐसे स्तर पर पहुंच गई है, जहां पहली पारी में बना बड़े से बड़ा स्कोर भी सुरक्षित नहीं रह गया है। आईपीएल 2026 में तो 200 या उससे बड़ा लक्ष्य हासिल करने का नया रिकॉर्ड बन गया है।



आईपीएल 2026 में 29 अप्रैल को वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। एसआरएच पहली पारी में 243 रन बनाकर भी हार गई। इसके पहले अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स को 264 रन बनाने के बावजूद पंजाब किंग्स से हार का सामना करना पड़ा था। ये दो मैच बस उदाहरण हैं। आईपीएल 2026 में ऐसा 10 बार हुआ है जब दूसरी पारी में 200 या उससे ज्यादा का लक्ष्य हासिल करते हुए टीमों ने जीत हासिल की है।

यह आईपीएल का नया रिकॉर्ड है। इससे पहले किसी भी सीजन में 10 बार 200 या उससे अधिक का लक्ष्य हासिल नहीं हुआ था। आईपीएल 2026 का लगभग आधा सीजन बाकी है। ऐसे में 200 या उससे बड़े लक्ष्य को हासिल करने वाली संख्या बढ़ती सकती है। पुराना रिकॉर्ड 18वें सीजन (आईपीएल 2025) में बना था, जब टीमों ने 9 बार 200 या उससे अधिक का लक्ष्य हासिल किया था।

आईपीएल 2026 में 200 या उससे अधिक का लक्ष्य हासिल करने वाली टीमों में आरसीबी (2 बार), मुंबई इंडियंस, पंजाब किंग्स (3 बार), राजस्थान रॉयल्स (2 बार), और एसआरएच (2 बार) का नाम शामिल है।

आईपीएल में सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल करने का रिकॉर्ड पंजाब किंग्स के नाम है। पंजाब ने इसी साल दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 265 का लक्ष्य हासिल किया है, जो आईपीएल का रिकॉर्ड है। दूसरे नंबर पर भी पंजाब ही है। आईपीएल 2024 में पंजाब ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 262 का लक्ष्य हासिल किया था। तीसरे, चौथे और पांचवें नंबर पर एसआरएच है। एसआरएच ने 2025 में पंजाब के खिलाफ 246, 2026 में मुंबई के खिलाफ 244 और 2026 में ही राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 229 का लक्ष्य हासिल किया है।